# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका सं0** :– 17– संविदा नियोजन – 305/2018.....1730..... **पटना, दिनांक** :–10/11/2018

## संकल्प

**विषय –** **बिहार** विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के आलोक में राजस्व मानचित्रों तथा खतियान के अद्यतनीकरण हेतु विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय भू–अभिलेख एवं प्रबंधन कार्यक्रम (NLRMP/DILRMP) को चालू रखते हुए वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2020 तक 02 वर्ष के लिए योजना के अवधि विस्तार हेतु राज्यांश **165236.88524** लाख रूपये (सोलह अरब बावन करोड़ छत्तीस लाख अठासी हजार पाँच सौ चौबीस रूपया) तथा केन्द्रीय अंशदान की राशि **17407.07** लाख रूपये (एक अरब चौहत्तर करोड़ सात लाख सात हजार रूपये) अर्थात् राज्यांश एवं केन्द्रांश सहित कुल राशि **182643.95524** लाख रूपये (अठारह अरब छब्बीस करोड़ तेतालिस लाख पनचानवे हजार पाँच सौ चौबीस रूपया) के व्यय एवं नियमित तथा संविदा सहित कुल 32799 (नियमित पद–1318, पूर्व से संविदा पद –191 एवं नव सृजित संविदा पद–31290) पदों के अवधि विस्तार/पद सृजन के संबंध में।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अधिनियम, 2011 के आलोक में दिनांक 19.04.2012 को योजना प्राधिकृत समिति तथा दिनांक–15.05.2012 को मंत्रिपरिषद् द्वारा 3 वर्षो यथा 2012–13, 2013–14 एवं 2014–15 (तीन वर्षों) के लिए स्वीकृत प्राप्त योजना, जिसमें अराजपत्रित एवं राजपत्रित कुल 3486 पदों की स्वीकृति प्राप्त योजना को चालू रखते हुए अगले तीन वर्षों यथा–2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दिनांक 11.05.2015 को योजना प्राधिकृत समिति एवं दिनांक 16.06.2015 को मंत्रिपरिषद द्वारा प्राप्त थी। उक्त विस्तारित योजना की समय सीमा दिनांक 31.03.2018 को समाप्त हो गई है। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य योजना एवं केन्द्रांश से प्राप्त राशि से किया जा रहा है।

उक्त योजना का प्रारम्भ वित्तीय वर्ष 2012–13 में किया गया। विगत छः वर्षों में योजना में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो सका है। इसका कारण तकनीकी रूप से दक्ष पदाधिकारी/कर्मियों का घोर अभाव रहा है। सर्वे/री–सर्वे योजना पूर्णतः तकनीक पर आधारित कार्य है, अतः उक्त योजना को तय सीमा अर्थात् 2018–19 एवं 2019–20 में पूर्ण करने हेतु तकनीकी रूप से दक्ष पदाधिकारी/कर्मियों की सेवा लिया जायेगा। इस हेतु सिविल अभियंत्रण में डिग्री/डिप्लोमाधारी **एवं अमानत में डिप्लोमा/ आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफलता प्राप्त** तकनीकी व्यक्तियों का संविदा पर नियोजन करते हुए राज्य के सभी 534 अंचलो में सर्वे/री–सर्वे कराया जायेगा।

**(2) अनुमानित व्यय :– बिहार** विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के आलोक में राजस्व मानचित्रों तथा खतियान के अद्यतनीकरण हेतु विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय भू–अभिलेख एवं प्रबंधन कार्यक्रम (NLRMP/DILRMP)को चालू रखते हुए वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2020 तक 02 वर्षों के लिए योजना के अवधि विस्तार हेतु राज्य योजना मद से **165236.88524** लाख रूपये (सोलह अरब बावन करोड़ छत्तीस लाख अठासी हजार पाँच सौ चौबीस रूपया) तथा केन्द्रीय अंशदान की राशि **17407.07** लाख रूपये (एक अरब चौहत्तर करोड़ सात लाख सात हजार रूपये) **अर्थात केन्द्रांश एवं राज्यांश सहित कुल राशि 182643.95524** लाख रूपये (अठारह अरब छब्बीस करोड़ तेतालिस लाख पनचानवे हजार पाँच सौ चौबीस रूपया) का व्यय किया जायेगा।

| क्र0 | वर्ष | अनुमानित व्यय (राशि लाख रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | राज्यांश | केन्द्रांश | कुल योग |
| 1. | 2018–19 | 55962.96606 | 9659.58 | 65622.54606 |
| 2. | 2019–20 | 109273.91918 | 7747.49 | 117021.40918 |
| कुल योग | | 165236.88524 | 17407.07 | 182643.95524 |

(3) **पदों का सृजन/अवधि विस्तार** :– लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगामी दो वर्षो यथा वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 के लिए निम्न प्रकार से पदों के अवधि विस्तार/पूर्व से सृजित संविदा पद में से कतिपय संविदा पदों का अवधि विस्तार/नवसृजित पदों का सृजन किया गया है :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पूर्व से स्वीकृत नियमित पद | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद में से कतिपय पदों का प्रत्यर्पण | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद में से कतिपय पदों एवं संख्या को प्रत्यर्पण के पश्चात् शेष संविदा पद अवधि विस्तार हेतु | प्रस्तावित नवसृजित संविदा पद | स्वीकृति हेतु कुल प्रस्तावित संविदा पद (5+6) | नियमित पद के अवधि विस्तार की स्वीकृति हेतु कुल प्रस्तावित पद | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित अवधि विस्तार एवं संविदा पद सहित कुल संख्या (7+8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बंदोबस्त पदाधिकारी | 38 | — | – | — | – | 38 | 38 |
| 2 | प्रभारी पदाधिकारी | 38 | — | – | — | – | 38 | 38 |
| 3 | सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी | 60 | 439 | 48 | — | 48 | 60 | 108 |
| | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (A.E. Civil) | – | — | – | 1203 | 1203 | – | 1203 |
| 4 | अंचल निरीक्षक सह कानूनगो | 72 | 475 | – | — | – | 72 | 72 |
| | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (J.E. Civil) | — | — | – | 2297 | 2297 | – | 2297 |
| 5 | प्रधान लिपिक एवं लिपिक | 70 | — | – | — | – | 70 | 70 |
| 6 | मोहर्रिर | 294 | — | – | — | – | 294 | 294 |
| | विशेष सर्वेक्षण लिपिक | – | — | – | 2406 | 2406 | – | 2406 |
| 7 | प्रारूपक | 77 | 483 | – | — | – | 77 | 77 |
| 8 | अमीन/सर्वेयर | 160 | 323 | 117 | – | 117 | 160 | 277 |
| | विशेष सर्वेक्षण अमीन (कनीय अभियंता असैनिक) | – | — | – | 20669 | 20669 | – | 20669 |
| | अमीन (अमानत में डिप्लोमा/आई0टी0आई0 प्राप्त) | – | – | – | 2297 | 2297 | – | 2297 |
| 9 | चालक | 16 | — | – | — | – | 16 | 16 |
| 10 | अनुसेवक/जंजीर वाहक | 493 | 307 | – | — | – | 493 | 493 |
| 11 | कार्यपालक सहायक | – | — | – | 1203 | 1203 | – | 1203 |
| 12 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर | – | – | 26 | 12 | 38 | – | 38 |
| 13 | आई0टी0 ब्याय | – | — | – | 1203 | 1203 | – | 1203 |
| कुल योग | | 1318 | 2027 | 191 | 31290 | 31481 | 1318 | 32799 |

**(4) नियोजन एवं पारिश्रमिक भुगतान प्राधिकार :–** सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य हेतु संविदा पर नवसृजित पद यथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (सहायक अभियंता सिविल), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (कनीय अभियंता सिविल), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, विशेष सर्वेक्षण अमीन (कनीय अभियंता सिविल) एवं अमीन (मान्यता प्राप्त बोर्ड/समकक्ष संस्थान से इंटरमीडियट (10+2) एवं सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल) का नियोजन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/बिहार विकास मिशन/बिहार तकनीकी कर्मचारी चयन आयोग द्वारा एवं पारिश्रमिकी का भुगतान भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/ बिहार विकास मिशन/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उपलब्ध करायी गयी राशि से बिहार विकास मिशन/ भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा किया जाएगा एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं आई0टी0 ब्वॉय का नियोजन बेल्ट्रॉन के माध्यम से तथा कार्यपालक संहायक का नियोजन जिला समाहर्त्ता के पैनल से किया जायेगा। उक्त पर होने वाले अनुमानित व्यय निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | नियोजन प्राधिकार | न्यूनतम योग्यता एवं अर्हता | न्यूनतम कार्य अनुभव | सरकार पर पड़ने वाला मासिक व्यय भार (EPF&ESI सहित) | अनुमानित कुल व्यय (2018–19 के अंतिम 4 माह एवं 2019–20 सहित) | संविदा नियोजन में वेटेज | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (सहायक अभियंता सिविल) | 1203 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ बिहार विकास मिशन/ बिहार तकनीकी कर्मचारी चयन आयोग | सिविल इंजिनियरिंग में स्नातक+2 वर्ष का न्यूनतम अनुभव | दो वर्ष का सरकारी/ निबंधित गैर सरकारी संस्थान में कार्य करने का अनुभव | 59000/– (मानदेय 52202.50, EPF&ESI सरकार का अंशदान–2797.50, मोबाईल लैपटॉप व इन्टरनेट व्यय की प्रतिपूर्ति –4000) | 1116384000/– | 1. मैट्रिक–10<br>2. इन्टर–15<br>3. स्नातक–50<br>4. स्नाकोत्तर–5<br>5. अनुभव– 20 | (1) न्यूनतम कार्य अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त कार्य अनुभव वर्ष के लिए 5 एवं अधिकतम 20 अंक देय |
| 2 | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (कनीय अभियंता सिविल) | 2297 | | सिविल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा +2 वर्ष का न्यूनतम अनुभव | दो वर्ष का सरकारी/ निबंधित गैर सरकारी संस्थान में कार्य करने का अनुभव | 36000/– (मानदेय 29202.50, EPF&ESI सरकार का अंशदान–2797.50, मोबाईल लैपटॉप व इन्टरनेट व्यय की प्रतिपूर्ति –4000) | 1286320000/– | 1. मैट्रिक–10<br>2. डिप्लोमा–70<br>3. अनुभव– 20 | |
| 3 | विशेष सर्वेक्षण अमीन (कनीय अभियंता सिविल) | 20669 | | सिविल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा | – | 31000/– (मानदेय 24202.50, EPF&ESI सरकार का अंशदान–2797.50, मोबाईल लैपटॉप व इन्टरनेट व्यय की प्रतिपूर्ति –4000) | 9921120000/– | 1. मैट्रिक–10<br>2. डिप्लोमा–90 | – |

| क्रं0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | नियोजन प्राधिकार | न्यूनतम योग्यता एवं अर्हता | न्यूनतम कार्य अनुभव | सरकार पर पड़ने वाला मासिक व्यय भार (EPF&ESI सहित) | अनुमानित कुल व्यय (2018–19 के अंतिम 4 माह एवं 2019–20 सहित) | संविदा नियोजन में वेटेज | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 4 | अमीन (अमानत में डिप्लोमा/ आई0टी0 आई0 प्राप्त) | 2297 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ बिहार विकास मिशन/ बिहार तकनीकी कर्मचारी चयन आयोग | मान्यता प्राप्त बोर्ड/समकक्ष संस्थान से इंटरमीडियट (10+2) एवं सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0 आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल | — | 22000/— (मानदेय 15345.00, EPF&ESI सरकार का अंशदान— 2655, मोबाईल लैपटॉप व इन्टरनेट व्यय की प्रतिपूर्ति —4000) | 771792000/— | 1. मैट्रिक—10 2. डिप्लोमा/ आई0 टी0 आई0 —90 | (2) स्तम्भ संख्या—7 में अंकित नियोजित कर्मियों हेतु पारिश्रमिकी /मानदेय में यदि राज्य सरकार/ विभाग द्वारा कोई संशोधन /परिवर्तन (वृद्धि /कमी) किया जाता है तो उक्त नियोजित कर्मियों को संशोधित / परिवर्तित (वृद्धि /कमी) पारिश्रमिकी /मानदेय अनुमान्य किया जायेगा। |
| 5 | लिपिक/ विशेष सर्वेक्षण लिपिक | 2406 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ बिहार विकास मिशन | स्नातक | — | 25000/— प्रति माह प्रति कर्मी | 962400000/— | 1. मैट्रिक—10 2. इन्टर—15 3. स्नातक—70 4. नाकोत्तर—05 | |
| 6 | कार्यपालक सहायक | 1203 | जिला समाहर्त्ता | जिला द्वारा निर्धारित | — | 13000/— प्रति माह प्रति कर्मी | 250224000/— | — | |
| 7 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/ कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12 | बेल्ट्रॉन | बेल्ट्रॉन द्वारा निर्धारित | — | 19830/— प्रति माह प्रति कर्मी | 3807360/— | — | |
| 8 | आई0टी0 ब्याय | 1203 | बेल्ट्रॉन | बेल्ट्रॉन द्वारा निर्धारित | — | 16118/— प्रति माह प्रति कर्मी | 310239264/— | — | |
| कुल योग :— | | 31290 | | | | | 14622286624/— | — | — |

**आदेश** :— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाए।

10/11/2018

**(वीरेन्द्र कुमार मिश्र)**
सरकार के विशेष सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** :— 17— संविदा नियोजन — 305/2018....1730 **पटना, दिनांक** :—10/11/2018
**प्रतिलिपि** :— महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/11/2018

**सरकार के विशेष सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** :— 17— संविदा नियोजन — 305/2018....1730 **पटना, दिनांक** :— 10/11/2018
**प्रतिलिपि** :— प्रभारी पदाधिकारी, ई—गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ अग्रसारित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 300 प्रतियाँ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा करें।

10/11/2018

**सरकार के विशेष सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** :– 17– संविदा नियोजन – 305/2018.....1730..... **पटना, दिनांक** :– 10/11/2018

**प्रतिलिपि** :– मुख्य सचिव, बिहार/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, बिहार/सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी/सभी प्रभारी पदाधिकारी/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग/प्राचार्य, राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/11/2018

**सरकार के विशेष सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** :– 17– संविदा नियोजन – 305/2018.....1730..... **पटना, दिनांक** :– 10/11/2018

**प्रतिलिपि** :– सचिव, बिहार विधान परिषद्/सचिव, बिहार विधान सभा/मुख्यमंत्री सचिवालय/निबंधक, पटना उच्च न्यायालय/महाधिवक्ता, बिहार, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

10/11/2018

**सरकार के विशेष सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** :– 17– संविदा नियोजन – 305/2018.....1730..... **पटना, दिनांक** :– 10/11/2018

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रसारित।

10/11/2018

**सरकार के विशेष सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग